आचार्य पद	मगसिर कृष्ण द्वितीया वि म 2029 दिनांक 21 नवम्बर 1972 नसीराबाद (राजस्थान) म
शिक्षा-दीक्षा गुरु	आचार्य श्री ज्ञानसागरजी महाराज

विशेष —चरित्र चक्रवर्ती आ श्री शान्तिसागर महाराज के उपदेशामृत ने बचपन म विरक्ति के बीज बोये और आजीवन ब्रह्मचर्यव्रत आ श्री देशभूषणजी स ग्रहण किया। आ श्री ज्ञानसागरजी से शिक्षा और मुनि-दीक्षा प्राप्त की।

सौजन्य-वीर विद्या साधना केन्द्र, बम्बई

आ श्री विद्यासागरजी को जहाँ प्राकृत संस्कृत अपभ्रंश मराठी हिन्दी अंग्रेजी बंगला कन्नड आदि अनेक भाषाओं [illegible] प्रकाण्ड पांडित्य प्राप्त है वही दर्शन इतिहास संस्कृति [illegible] व्याकरण साहित्य मनोविज्ञान और योग विद्याओ म [illegible] वैदुष्य भी उपलब्ध है। आपमे आशुकवित्व [illegible] प्रत्युत्पन्नमतित्व अत्यन्त प्रशस्य गुण हैं।

आचार्य श्री स्वसाधना के साथ निरन्तर ज्ञानाभ्यास [illegible] प्रवृत्त रहते है। आपने भव्य जीवो के आत्मकल्याण हेतु [illegible] ग्रन्थो का प्रणयन किया है और माँ भारती के भण्डारो को [illegible] है। आपके द्वारा लिखित एव अनुवादित रचनाओ की [illegible] करीब 55 है। आपसे दीक्षित करीब 73 साधु-साध्वीजी एव [illegible] के करीब बालब्रह्मचारी भाई-बहन हैं।

आप सम्पूर्ण देश मे काफी प्रभावशाली आचार्य हैं। [illegible] पूज्य पिताजी एव माताजी ने भी दिगम्बर समुदाय मे ही [illegible] व्रत अंगीकार किया है। सम्पूर्ण दिगम्बर जैन समाज म [illegible] समुदाय के बराबर अन्य किसी भी समुदाय म इतनी [illegible] संख्या म शिष्य शिष्याएँ अन्यत्र कही भी नही हैं। [illegible] आपके सानिध्य में (25) नई दीक्षाएँ भी सम्पन्न हुई [illegible] आपका [illegible] वर्ष संयम जीवन दीक्षा का रजत महोत्सव आयोजन भी विशाल कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्पर्क सूत्र
आचार्य श्री विद्या सागर सूरीश्वर जी म सा की सेवा मे,
C/o श्री शातिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र रामटेक
जिला- नागपुर (महाराष्ट्र) 441 106
फोन न (0712) 855117

श्रमण संघीय उपाध्याय, पं. रत्न श्री कन्हैयालालजी म.सा. 'कमल'

पिताजी	श्री गोविन्दसिहजी राजपुरोहित
माताजी	. श्रीमती यमुनादेवी
जन्म तिथी	. चैत्र शुक्ला ९ वि. सं. १९७० (रामनवमी)
जन्म स्थान	. जस नगर (केकिंद) (राजस्थान)
दीक्षा तिथि	. वैशाख शुक्ला ६ वि.सं. १९८८
दीक्षा स्थल	साडेराव (राजस्थान)
दीक्षा दाता	श्री फतेहचदजी म., श्री प्रतापमलजी म.
सलाहकार पद	१३-५-८७ पूना सम्मेलन
उपाध्याय पद	६-२-९४ जयपुर (राज.)
भाषा ज्ञान	हिन्दी, अग्रेजी, सस्कृत, अपभ्रश, प्राकृत, पाली, गुजराती, राजस्थानी आदि।
विहार क्षेत्र	. राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश,
अनुयोग कार्य	आगम अनुयोग का विगत २६ वर्षो से कार्य चारों आगमो का विश्लेषण।
विशेष	. आगम के प्रकाण्ड विद्वान, मधुर व्याख्यानी, लेखक, अनुयोग प्रवर्तक, साहित्य सिन्धु, आगम रत्नाकर आदि। सम्पूर्ण जैन समाज मे आप एक मात्र ऐसे सत है जिन्होंने चारो अनुयोगो का अनुवाद करने में २५ वर्ष लगाये।

सौजन्य - श्री कुन्दनमल साकरिया (पी.के. प्लास्टिक्स) इन्दौर

श्रमण संघीय प्रवर्तक पं.रत्न श्री कुन्दनऋषीजी म.सा.

जन्म नाम	श्री मनसुखलाल
पिताजी	. श्री चंदनमलजी मेहेरे
माताजी	: श्रीमती केशरबाई
जन्म स्थान	. मिरी (अहमदनगर) (महाराष्ट्र)
दीक्षा तिथि	: ९ मई १९६२
दीक्षा भूमि	. मिरी ग्राम अहमदनगर (महाराष्ट्र)
दीक्षा गुरु	. आचार्य सम्राट श्री आनन्दऋषीजी म.सा.
विहार क्षेत्र	. आचार्य सम्राट श्री आनन्दऋपीजी म.सा. के ससंग सम्पूर्ण महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पजाब, हिमाचलप्रदेश जम्मू काश्मीर आदि प्रांत।
भाषा ज्ञान	. हिन्दी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी, संस्कृत, प्राकृत, अग्रेजी आदि।
मंत्री पद	. १३-५-१९८७ पूना सम्मेलन
प्रवर्तक पद	- १०-७-९४ लुधियाना
विशेष	श्रमण संघ के प्रवर्तक, दीक्षा ग्रहण करने से जब तक आचार्य सम्राट रहे उनके साथ ही विचरण करना, प. रत्न, ओजस्वी वक्ता, आचार्य सम्राट के प्रधान अतेवाशी सुशिष्य, सम्पन्न परिवार के दीक्षित धर्म के प्रति अनुराग, सुदीर्ध सयम के पालक, आचार्य सम्राट की दीक्षा भूमि एव आपकी दीक्षा भूमि मिरी गाव एक ही है। श्रमण संघ में प्रभावशाली युवा सत रत्न।

सोजन्य - श्री आदिनाथ व स्था. जैन श्रावक संघ, आदिनाथ सोसायटी पूना

उपप्रवर्तक डॉ. राजेन्द्र मुनिजी म.सा.

भारतीय सन्त परम्परा के परमोज्वल नक्षत्र जैन धर्म दिवाकर आचार्य सम्राट श्री देवेन्द्र मुनि जी म. के प्रधान शिष्य रत्न डा. श्री राजेन्द्र मुनिजी म. का जीवन दर्शन प्रारम्भ से ही अति पावन रहा है।

आपका जन्म राजस्थान की मारवाड़ नगरी मेड़ता सिटी के समीप उड़ ग्राम में पोष वदी दशमी १ जनवरी सन १९' ४ को पिता पूनमचन्द जी डोसी ओसवाल वंश में माता धापूकुंवर के घर हुआ।

माता पिता के सद् संस्कारों से बचपन में पड़े धर्मबीज पल्लवित पुष्पित होते गये जो परम श्रद्धेय उपाध्याय दादा गुरुदेव श्री पुष्कर मुनिजी म. एवं श्रद्धेय सद्गुरुदेव आचार्य सम्राट श्री देवेन्द्र मुनिजी म. के सत् सानिध्य को पाकर विराट रूप को धारण करने लगे। परिणाम स्वरूप आपने अपने अग्रज भ्राता पण्डित रत्न श्री रमेश मुनिजी के साथ सन् १९६५ दि. १५ मार्च को राजस्थान के ही गढ़ सिवाणा ग्राम में ११ वर्ष की लघु वय में जैन भागवती दीक्षा अंगीकार कर ली। लघुवय में संयम स्वीकार करने के साथ ही आपने अपना सम्पूर्ण जीवन ज्ञान व क्रिया हेतु समर्पित कर डाला। लगातार २० वर्षों तक संस्कृत प्राकृत हिन्दी गुजराती मराठी इंग्लिश आदि भाषाओं का गहन अध्ययन व आगम न्याय व्याकरण, काव्य दार्शनिक साहित्य का आलोडन विलोडन किया।

आप दोनों भ्राताओं को दर्शन प्रदान कर आपकी मातेश्वरी ने भी दीक्षा ग्रहण कर ली, जिनका नाम विदुषी महासति श्री प्रकाशवती जी है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डा. राजेन्द्र मुनि जी की अध्ययन रुचि के परिणाम स्वरूप साहित्यरत्न, शास्त्री, एम ए. पी एच डी., काव्यतीर्थ, जैन सिद्धान्ताचार्य महा महोपाध्याय विशारद आदि उच्चतम परीक्षाएं भी समुत्तीर्ण कर आपने जैन जगत में अपना, एक विशिष्ठ स्थान स्थापित किया है।

अध्ययन के साथ वक्तृत्व कला का भी आपके जीवन में अद्भुत साम्य रहा है। जब आपका प्रवचन होता है तो हजारों लोग मन्त्र मुग्ध हो उठते हैं, ऐसा लगता है आपकी वाणी के द्वारा सरस्वती देवी प्रकट हो रही हो।

प्रखर प्रज्ञा तीव्र स्मृति एवं धारणा के धनी डा. राजेन्द्र मुनि जी जितने अध्ययनशील है, उतने ही विनम्र सेवाभावी तथा मिलनसार सदा हंसमुख प्रेरणादायी व प्रभावशाली विराट व्यक्तित्व के धनी है। आपने अब तक कई सामाजिक संस्थाओं को प्रेरणा देकर निर्माण करा दिया है जिसमें स्कूल हॉस्पिटल, गौशाला, साधनाकेन्द्र आदि प्रमुख हैं।

लेखन के क्षेत्र में भी आप द्वारा अब तक उपन्यास, निबन्ध, कहानी, काव्य, आगम साहित्य के रूप में लगभग २५ ग्रन्थो का निर्माण हो चुका है। एवं परम श्रद्धेय आचार्य सम्राट श्री देवेन्द्र मुनिजी म. के साहित्य पर शोधकार्य सम्पन्न किया है।

प्रस्तोता = सुरेन्द्र मुनि'

सौजन्य एक सद् गृहस्थ

कच्छ आठ कोटि मोटी पक्ष के आचार्य प्रवर श्री छोटालाल जी म सा

चतुर्थ पुण्य तिथि के प्रसग पर भावभरी वदना-श्रद्धाजली

जन्म	स १९७३ प्रथम भाद्रपद वद ४
स्थान	भोजाय (कच्छ)
पिता	श्री वरजागभाई पुजाभाई गडा
माता	पुण्यशाली श्रीमती खेतबाई
गुरुदेव	पू आचार्य श्री नागचदजी म स
दीक्षा	वि स १९८८ फागण शुद १०
स्थान	लूणी (कच्छ)
आचार्य पद	वि स २०४० वेशाख शुद १३
स्थान	माडवी (कच्छ)
कालधर्म	वि स २०४६ श्रावण वद १२
स्थान	वाकी - कच्छ

माडवी - (कच्छ) चातुमास विराजित मधुर व्याख्यानी सुभाष मुनि जी म सा, श्री नवीनमुनिजी म सा "लघुशिष्य" की शुभ प्रेरणा से --

सौजन्य श्री जेचदभाई वीरजीभाइ झोटा, भुज-कच्छ

श्रमण संघीय प्रवर्तक पं. रत्न श्री रमेशमुनिजी म.सा. 'शास्त्री'

अपाका जन्म मजल (बाडमेर) निवासी श्रीमान् वस्तीमलजी कोठारी धर्मपत्नी सौ. आशाबाई की कुक्षि से हुआ। यौवन की पहली लहरी पर धवा निवासी श्रीमान् जसराजजी भूरट ने अपनी कन्या 'वीरादेवी' से आपका विवाह किया। विवाह के पश्चात् व्यापारिक क्षेत्र मे उतरे। उन्ही दिनो उज्जैन आये अपने कार्यवश। यहां सति शिरोमणि पडिता श्री बालकुंवरजी म., तपस्विनी श्री मानकुंवरजी म की अध्यात्म प्रेरणा ने आपके अन्तर्मन को जगाया।

दीक्षा की भावना लेकर आप कलकत्ता पहुंचे। पूज्य गुरुदेव श्री प्रतापमलजी म , पं. श्री हीरालालजी म. की सेवा मे। अन्त मे झरिया (बिहार) मे ता ९-५-५४ को प. रत्न श्री जयन्तीलालजी म. की उपस्थिती मे आपने दीक्षा ली। आप पूज्य गुरुदेव श्री प्रतापमलजी म. के शिष्य बने। दीक्षा के पश्चात् जैन सिद्धान्ताचार्य प्रथम खण्ड पर्यत व संस्कृत विशारद हिन्दी साहित्यरत्न आदि परीक्षाए उत्तीर्ण की अध्ययन-अध्यापन के साथ ही वक्ता व लेखक के रूप मे उभरे आप कथाकार, उपन्यासकार, एकांकी लेखक के साथ विचारक-चिन्तक तत्त्वदर्शी है। ससमरण, जीवन दर्शन व अनेको चरित्र भजनो की भी आपने रचना की। उपाध्याय पूज्य गुरुदेव श्रीकस्तूरचदजी म के जन्म शताब्दी पर जन्म शताब्दी ग्रन्थ के आप प्रधान सम्पादक है। आपकी सहनशीलता-सयम-अनुशासन निष्ठा व गुरु-भक्ति से प्रभावित होकर ही जोधपुर व स्था. जैन श्रावकसघ ने आपको मरुधरा भूषण व साहित्य क्षेत्र मे बढती प्रगति को देखते हुए चित्तौडगढ व. स्था. जैन श्रावक संघ ने 'साहित्य मनीपी' आदि पद दिये।

जब आपश्री का चातुर्मास पूना था स २०४० मे तब आचार्य सम्राट पूज्य श्री आनन्दऋपिजी म. एवं युवाचार्य ज्ञानयोगी श्री मधुकरमुनिजी म. आदि का संयुक्त नासिक वर्पावास था तब आचार्य श्रीजी ने श्रावण शुक्ला १ को आपको 'प्रवर्तक पद' से विभूपित किया। आप अपने सयम साधना काल मे अब तक लगभग ५०-५५ पुस्तके लिख चुके है। आप से समाज को काफी आशा है। आप राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, गुजरात आदि प्रदेशो मे विचरण कर चुके है।

श्रमण संघीय पं. रत्न श्री सुरेश मुनिजी म.सा. 'शास्त्री'

आपका जन्म कानपुर निवासी श्रीमान् गयाप्रसादजी जैन जयसवाल दिगम्बर जैन की धर्मपत्नी सौ. ज्ञानदेवी की कुक्षि से हुआ। अल्प आयु मे ही आप व्यवसाय हेतु बम्बई आ गये। यही आप पीपागज निवासी स्नेही सेवानिष्ठ श्रीमान् त्रिलोकचदजी के साथ विलेपारले मे पूज्य गुरुदेव श्री के दर्शनार्थ आये। गुरुदेव के व्यवहार से प्रभावित हो आपने दीक्षा लेने का दृढ निश्चय कर लिया। उसी चातुर्मास में आपने आवश्यक ज्ञान सीखा।

गुरुदेव की सेवा मे सलग्न हो गये। स २०१६ माघ शुक्ला १३ की मंगलवेला मे घोटी सघ के आंगन मे दीक्षा स्वीकार की पूज्य गुरुदेव श्री प्रतापमलजी म.द्वारा। आपको प्रवर्त्तक श्री रमेशमुनिजी म. के प्रथम शिष्य होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दीक्षा के पश्चात् हिन्दी-सस्कृत प्राकृत भापा का अध्ययन किया। आपकी प्रवचन शैली ओजस्वी भावभरी व श्रोताओ को आकर्पित करने वाली है। आपका अधिक लक्ष्य स्वाध्याय तथा ध्यान प्रक्रिया की ओर रहता है। धीरता गभीरता आदि अनेको गुणो से आप शोभित है। आप राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तरप्रदेश आदि प्रातो मे विचरण भी कर चुके है। आपके प्रभावशाली प्रवचनो की छटा निराली होती है बम्बई महानगर मे आप पॉच चातुर्मास पूर्ण कर चुके है। उपाध्याय श्री कस्तूरचंदजी म दीक्षा शताब्दि समारोह को सफल बनाने मे आपका पूर्ण योगदान रहा है। बम्बई अधेरी जैसे गुजराती भापी क्षैत्रो मे भी आपने सफल चातुर्मास पूर्ण किये। आपका प्रभाव न केवल बम्बई महानगर मे बल्कि सम्पूर्ण देश के स्थानकवासी समाज मे फैल चुका है। अगर कोई व्यक्ति एक बार आपके सम्पर्क मे आ जाता है तो मधुर वाणी से वह आपके प्रभावित हुए बिना नही रह सकता।

आपकी प्रेरणा से बम्बई के साधना सदनो न. ६ गोवण्डी, असफ्ला, भायन्दर सादडी सदन आदि मे जैन पाठशालाऐ नियमित चल रही है आपके संग प रत्न श्री नरेन्द्र मुनिजी म सा एव प्रखरवक्ता श्री रतनमुनिजी म सा. 'रत्नाकर' भी काफी सेवा भावी युवा सत रत्न है

घोर तपस्वी, तपोगन के पूर्ण चन्द्र श्री सहज मुनि जी म.सा.

जैन जगत मे अनेक विशिष्ट तपस्वी जपी-ज्ञानी-ध्यानी साधु व साध्विया हुये है। इसी श्रृखला म जैन जगत की गरिमा का चार चद लगानेवाल घार तपस्वी 'तपो गगन के पूण चन्द्र' श्री सहजमुनिजी म सा का विशेष स्थान है। आपने जैन समाज की सभी सम्प्रदायो म सभी साधु साध्विया मे तपस्या के क्षेत्र मे एक कीतिमान स्थापित किया है। आपका जन्म १८-११-३३ का पजाब प्रात म सगरर जिला के लेहलक्ला ग्राम मे हुआ। पिता का नाम बाबुलालजी व माता का नाम परमेश्वरी देवी है आप प्रारम्भ से भक्ति, भजन मे लीन रहते थे, फलस्वरप भर यौवन मे १८-११-५३ को घोर तपस्वी श्री फकीरचन्दजी म क पावन चरणो म मूलक (पजाब) मे दीक्षित हुए तथा योग्य शिष्य बनकर गुर सेवा व्रत को अगीकार किया। अपने गुर चरणा मे रहकर चहुमुखी अध्ययन किया कोई भी विषय आपसे अछूता नहीं रहा है। आपने अपने जीवन मे तपस्या को मुख्य लक्ष्य बनाया है। तपस्या के साथ-साथ आपमे शान्ति एवं क्षमा सौम्यता अद्वितीय है। क्रोध आपको कभी आता ही नही है। आपने अपनी विविध तपस्या करके कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है।

सुदीर्घ तपस्या हेतु आपका नाम गिनिज बुक आफ वड रिकाड मे दर्ज है। आप विगत २२ वर्षो से निरन्तर प्रतिवर्ष दीघ तपस्या करते आ रहे है। जिनमे १०४, ११०, १२१ १०९, १११, १३१ प्रमुख है। गत वर्ष उधना सूरत म आपने १३१ दिनो की उग्र तपस्या पूण की थी। इस वर्ष भी २२-६-९४ स आपकी उग्र तपस्या प्राम्भ हो चुकी है और ८० के प्रत्याख्यान ले चुके है सभव है इस वर्ष नया रिकार्ड स्थापित हो जाये। मधुर वक्ता श्री राम मुनिजी म सा 'निर्भय' आपकी सेवा मे तत्पर रहते है दोनो की राम लक्ष्मण जैसी जोडी है। आप स्थानकवासी जैन परम्परा मे श्रमण सघ मे प्रभावशाली तपस्वी सत रत्न है।

मधुर व्याख्यानी श्री राम मुनि जी म सा. 'निर्भय'

आपका जन्म हरियाणा प्रान्त के सोनीपत जिलान्तर्गत वूटाना शहर मे १५-१०-४९ का पिता श्रीमान कृपाराम अग्रवाल जैन एव माता श्रीमति लक्ष्मी देवी जी के यहा हुआ १४ वर्ष की लघुवय मे आपको वैराग्य उत्पन्न हुआ और १ वर्ष की वय मे जैन भागवती दीक्षा अगीकार की। आप अन भाषाओं के और आगम के जानकार सुन्दर प्रवचन कर्ता है आपके द्वारा चातुर्मास मे घोर तपस्वी श्री सहज मुनि जी म सा को धार्मिक कार्यक्रमो के लिए अनेक प्रकार से सहयोग प्राप्त हो है। दोनो सतो की यह जोडी जहा भी पधारते है या चातुर्मा करते है लोगो मे धर्म के प्रति अपूर्व धर्म जागृति पैदा करती आपने महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पजाब, दिल्ल हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि प्रातो का पैद विहार यात्राए की है। हिन्दी, पजाबी, अंग्रेजी, सस्कृत, प्राकृ उर्दु, मराठी, गुजराती आदि भाषाओ पर आपका पूर्ण अधिक है। आपने एम ए तक की उच्च शिक्षा भी प्राप्त की है। आप श्वे स्था श्रमण सघ के युवा सत रत्न है। श्रमण सघीय आचार्य सम्राट श्री आनन्द ऋषीजी म सा की सेवाम आप सयुक्त चातुमास अहमदनगर मे कर चुके है। आपकी व्याख्यान कला बहुत निराली व मन को छूनेवाली होती है।

सौजन्य - एक सद गृहस्थ

इन्द्र धनुष व्यक्तित्व के धनी, प्रख्यात साहित्यकार राष्ट्रसंत श्री गणेश मुनिज म.सा. 'शास्त्री'

- विश्व - इतिहास में मेवाड की महिमा जिन दो रुपो मे प्रसिद्ध है उनमे पहला रुप है भक्ति का तो दूसरा शक्ति का। ये दोनों रुप वहा अपने चरम बिन्दु पर रहे है। भक्ति के क्षेत्र मे जहा मीराबाई भक्त शिरोमणि कहलाई वहा शक्ति के क्षेत्र मे महाराणा प्रताप स्वाधीनता के पुरोधा के रुप मे अपना अमर यश लिए हुए है।
- शक्ति की सत्ता भक्ति से अलग नही है। यह भक्ति ही है जो शक्ति को सचारित कर ऊर्जा प्रदान करती है। शक्ति और भक्ति युक्त इस शस्य श्यामला धरा ने समय-समय पर अनेकानेक सत रत्न, तपस्वी रत्न, साधक रत्न एव वीर पुरुषो को जन्म दिया है, जिनकी कीर्ति कौमुदी से आज भी विश्व जगमगा रहा है। जब भी मेवाड - राजस्थान का नाम हमारे समक्ष आता है तो हमारा मस्तक गौरव से एकदम उन्नत हो उठता है।
- परम श्रद्धेय मंगल मूर्ति पूज्य गुरुदेव श्री गणेश मुनि जी शास्त्री भी इसी मेवाड भूमि की एक महक है। उदयपुर जिले के करणपुर गाव मे सन् १९३१ मे आपका जन्म हुआ। बचपन मे ही पिता श्री लालचन्द जी पोरवाल के लालन-पालन से आप वचित हो गये। मातुश्री तीजबाई, (वर्तमान मे महासती श्री प्रेमकुवर जी म) का सासारिक मोहमाया से जी उचट गया। फलस्वरुप उन्होने साध्वी जीवन अगीर करने का दृढ सकल्प कर लिया। बालक शंकर पर इसका गहन असर पडा। उन्हे भी वैराग्य आ गया और अध्यात्म योगी उपाध्याय पूज्य गुरुदेव श्री पुष्कर मुनि जी म सा. से दीक्षित हो गये। इस समय आप मात्र १५ वर्ष के थे।
- पूज्य श्री शास्त्री जी म. एक प्रतिभा सम्पन्न कवि, सुलझे विचारक, सफल निबन्धकार, विज्ञ नाटककार एव नव-साहित्य के द्वारा सकट ग्रस्त मानवता को उबारने हेतु सुन्दर मार्ग-दर्शक के रुप मे सदा तत्पर है। आप किसी भी क्षेत्र मे संकीर्ण विचारधारा से नही बन्धते है, नई से नई विचारधारा को हृदयगम करके उसके औचित्य-अनौचित्य का निरन्तर अनुशीलन करते है।
- धर्म हो या दर्शन, समाज हो या परिवार, शहर हो या गाव, राजनीति हो या नैतिकता, जीवन के समस्त पहलुओ को सम्यक् रुप से उजागर कर भटकते लोगो को सद् पन्थ बताना, आपकी एक विशेषता है। आपने धर्म, दर्शन, विज्ञान अध्यात्म पर आधारित कहानी, उपन्यास, नाटक, मुक्तक, क्षणिकाएं, गीत, शोधप्रबन्धादि अनेक माध्यमो से, हमें अपनी भूलो का, अपनी सुषुप्ति का, अपने अज्ञान का सहज बोध कराया है तथा उनके सुधार, जागरण का एव ज्ञान का मार्ग भी दर्शाया है।
- सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रश, हिन्दी, गुजराती, राजस्थानी आदि कई भाषाओ पर भी शास्त्री जी म का समान रुप से अच्छा अधिकार है। इनके व्यक्तित्व की गौरवशाली महानता, आत्म-सयम, आत्म-विश्वास एव तेजस्विता विलक्षण है। पूज्य शास्त्री जी म. शान्ति-प्रिय, सरल हृदय तथा सुलझे विचारो के सन्त है। आप बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। देश आपसे नई प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। सामाजिक सगठनो की एकता के आप अमूल्य निधि है। आपकी मर्मस्पर्शी लेखनी जन मानस को मोड़ देने की अद्वितीय क्षमता रखती है। जैन साहित्यकारो मे श्री शास्त्री जी म का नाम प्रमुख रुप से गिनाया जा सकता है।
- उदयपुर के सैक्टर ग्यारह मे आप द्वारा सस्थापित 'श्री अमर जैन साहित्य सस्थान' धर्म, अध्यात्म शिक्षा-साहित्य सस्कृति और तप आचरण का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है जहा से अब तक आप श्री के एक शतक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके है और भी कई ग्रन्थ प्रकाशन के पथ पर गतिमान है।
- आपके सुशिष्य कवि मानस श्री जिनेन्द्र मुनि जी 'काव्यतीर्थ', तपस्वी रत्न श्री प्रवीण मुनि जी तथा पोत्र शिष्य गीतेश मुनि जी 'गीत' द्वारा भारत के विभिन्न अंचलो मे धर्म जागरण की प्रभावना फलित हो रही है।

श्रमण संघीय सलाहकार श्री ज्ञान मुनिजी म.सा.

सलाहकार श्री ज्ञान मुनिजी म सा

मधुर वक्ता श्री जितेन्द्र मुनिजी म सा 'एम ए

जैन-धर्म-दिवाकर वन्दनीय गुरुदव आचाय सम्राट पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज क प्रमुख शिष्य श्रमण सूय श्रमण सघीय सलाहकार पूज्य श्री ज्ञानमुनि जी म सा पजाब के महामहिम एक लाकप्रिय सत रत्न है, क सामाजिक साहित्यिक और आध्यात्मिक सेवाओं के क्षेत्र में आप सदा आगे आगे रहने वाल एक तेजस्वी मुनिवर है।

आपका जन्म विक्रम स १९७९ वैशाख शुक्ला अक्षय तृतीया के शुभ दिन हुआ। आप बसल गोत्रीय अग्रवाल वश मे पैदा हुए है। १४ वर्षों की अल्पायु म आपन जैन धर्म दिवाकर आचाय सम्राट पूज्य श्री आत्मा राम जी म सा क चरणा मे पाकिस्तानीय रावलपिडी नगर म विक्रम सवत १९९३ वैशाख शुक्ला त्रयोदशी की पावन बेला मे जैन साधु बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। भजन बनाने का औरपुस्तके लिखने का आपको बचपन स ही शौक था। आपकी कुछ मौलिक रचनाए है। आपने अनका जैनागमा मे हिन्दी भाषा म अनुवाद किया है।

श्रमण सघीय युवाचाय परम पूज्य गुरुदव डा श्री शिव मुनि जी म सा डी लिट आपक ही शिष्य रत्न है। भारत एव सम्पूण जैन जगत की दुनिया म ॐ जय महावीर प्रभो इस नाम की आरती बडी प्रसिद्ध हो रहा है। यह आरती भी आप की ही विलक्षण प्रतिभा रचना है। आपको १३ ५ ८७ पूना साधु सम्मलन म श्रमण सघ का सलाहकार पद प्रदान किया गया। आप श्रमण सघ क सुप्रसिद्ध सत रत्न है।

आपक उपदेशो से अनेको जैन स्थानका (जैन धर्म स्थाना) का निमाण हुआ अनेका जैन मिडल स्कूल आपकी प्रेरणा पाकर समाज सेवा का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे है। औषध दान क महायज्ञो म आप सदा यागदान दते रहे है। रोहा म आचाय आत्माराम जैन डिस्पेसरी एव रायकोट की आचार्य श्री आत्माराम जैन डिस्पसरी तथा मण्डी गोबिन्दगढ की जैन डिस्पैसरी आपध दान सेवा के समुज्ज्वल उदाहरण है। पूज्य श्री शालीग्राम जैन माडल स्कूल मलौद आपकी खाली शिक्षण सस्थाए बच्चा के भविष्य को शिक्षित एव सुसस्कारित बनाने मे अपना पवित्र यागदान प्रदान कर रही हैं। आप श्री जी की गुणगाथाए महान है। आपका जीवन आध्यात्मिक और सामाजिक सेवाओ का एक महानस्रोत है। जैन जीवन को आपके साहित्य सेवी तथा समाज सेवी जीवनपर महान गर्व है। ४० के लगभग आपने पुस्तके लिखी है। क्या जैन क्या अजैन सभी परम्परा के लोग आपके लिखे साहित्य से लाभ उठा रहे है। धन्य है आपके माता-पिता जिन्होंने आप जैसे लोकोपकारी महान सन्त को जन्म देने का सौभाग्य प्राप्त किया है।

आप जीवन के ७२ वर्ष पार करके ७३ वर्ष मे प्रवेश कर रहे है। जीवन का सन्ध्याकाल निकट आ रहा हैं। तथापि आपकी कार्य शक्ति म कोइ कमी नहीं आई। आज भी आप समाज कल्याण के मगलमय कार्यो से कभी जी नही चुराते। आज भी लोग आप को सदा सर्वदा लिखने पढ़ने मे ही व्यस्त पाते है। वैसे तो आप लुधियाना अनेको बार पधारे है परन्तु चातुर्मास करने हेतु आप ३५ वर्षो के बाद लुधियाना पधार रहे है। लुधियाना नगर का कण-कण आपके पधारने से आनन्द विभोर हो रहा है। आपकी वाणी म जादूगर जैसा प्रभाव है। विरोधी भी आप के भी गीत गाते नहीं थकते है। यह सब आत्म गुरू का ही पुण्य प्रताप है। ऐसा लगता है कि आत्म गुरू की दृष्टि आपके जीवन मे साकार रूप धारण कर रही है आत्म गुरू के उपासक श्रद्धालु और चरण सेवक तो लाखों नही करोड़ो मिल जाएगे परन्तु जैन श्रमण जगत मे आपके समकक्ष आत्म गुरू भक्त कोई नजर नहीं आता।

आप श्री जी चिरायु हो और समाज की सेवाओ की मगलमय ज्योति स अपने अर्न्तजगत को सदैव ज्योतिमान बनाते रहे। यही शासन देव महाप्रभु से यही प्रार्थना है। आपका शुभमार्ग दर्शन तथा वरदहस्त सघ और समाज एव श्रद्धालु भक्ता पर बनी रहे यही मगल भावना है।

प्रस्तोता - जितेन्द्र मुनि एम ए

संघ सेवाभावी तपस्वी श्री मोहन मुनिजी म.सा.

जन्म स्थान - शाहपुरा (भीलवाड़ा) राजस्थान
जन्म तिथि - विक्रम सवत १९८०, मार्गशीर्ष कृष्णर ५
पिता का नाम - सेठ श्री माँगीलालजी पारख
माता का नाम - श्रीमती गुलाबबाई
दीक्षा स्थान - महा मदिर, जोधपुर (राजस्थान)
दीक्षा तिथि - विक्रम सवत २०००, आषाढ़ शुक्ला ७
दीक्षा गुरु - स्वामीजी प्रर्वतक श्री हजारीमलजी महाराज
काका गुरु - स्वामीजी श्री ब्रजलालजी महाराज एव
- युवाचार्य श्री मधुकर मुनिजी महाराज
गुरु भ्राता - श्री माँगीलालजी महाराज
भ्राता - श्री अमोलकचदजी, श्री सोहनमुनिजी म सा (शिष्य), श्री घेवरचदजी म सा.
शिष्य - श्री प्रदीप मुनिजी म सा., श्री अजित मुनिजी (म सा), श्री भेरू मुनिजी (म.सा.)
दीक्षा ग्रहण - २० वर्ष आयु मे
पद - सघ सेवाभावी, तपस्वी-रत्न
विहार क्षेत्र - मालवा, मेवाड़, मारवाड, हरियाणा, दिल्ली, पजाव, महाराष्ट्र, गुजरात
विशेपता - गुरु-भक्ति की प्रमुखता, कर्मठ सेवाभावी, लगन के पक्के, असीम कार्यक्षमता, उग्र विहारी, घोर तपस्वी जीव दया के प्रेरक, शिक्षा-प्रेमी, जप-तप के प्रचारक, जिन शासन के प्रभावक, जनहितकारी कार्य के उपदेशक, वाचनालय- चिकित्सा- स्थानको के प्रेरक, स्व. जैन दिवाकर प्रसिद्ध वक्ता श्री चौथमलजी म के आज्ञाधारक एव अतेवासी कृपापात्र।

सफल वक्ता श्री अजीत मुनिजी म.सा.

पिता का नाम - श्रीमान हीरालालजी चित्तौडा
माता का नाम - श्रीमती मानकुँवरवाई
जन्म स्थल - इदौर (मध्यप्रदेश)
दीक्षा तिथि - मगसर वदी ५ वि स २०१८
दीक्षा स्थल - माँगलिया (इदौर)
दीक्षा गुरु - सघ सेवाभावी तपस्वी श्री मोहन मुनिजी म सा.
विचरण क्षेत्र - राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, हरियाणा आदि।
भाषा ज्ञान - हिन्दी, सस्कृत, प्राकृत, अग्रेजी, गुजराती आदि
सासारिक वहिन - विदुषी महासती श्री शातिकुँवरजी म सा (उज्जैन)
साहित्यिक रुचि - साहित्य, सामाजिक, लेखन कला, पुस्तकें, उपान्यास, गीत, मुक्तक, गद्य आदि की कई रचनाएँ।
विशेष - श्रमण सघीय सफल वक्ता, युवा सत रत्न, क्रातिकारी विचारो के प्रेरक, सघ समाज का सर्वांगीण अभ्यूदय हो इसकी हमेशा प्रेरणा करते रहना। श्रमण सघीय साध्वी श्री रमणिक कुँवरजी म सा के सग विदुषी महासती श्री शातिकुँवरजी म सा. आपकी ससार पक्षीय वहिन है। आपका श्रमण सघ मे काफी अच्छा प्रभाव है। व्याख्यान शेली कला अद्भुत निराली श्रोताओ पर पूर्ण अधिकार जमाने वाले ओजस्वी सफल प्रवचनकार आदि।

श्री मुक्तानन्द विजय जी म सा

आपका जन्म गुजरात प्रान्त के कच्छ जिले के मनफरा-कच्छ मे श्रीमान हीरजी भाई सावला (मुनि श्री विवेक विजय जी म सा) के यहाँ हुआ। मेट्रीक तक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् आपने व्यवसाय की ओर कदम बढाये। आपके पूज्य पिता श्री भी पूर्व मे दीक्षित हुए थे। आप सावला कुटुंब के कुल दीपक हो। समग्र कच्छ वागड क्षेत्र मे मनफरा गाँव मे सबसे अधिक रत्न सयम मार्ग की ओर बढे है। आपने भी दीक्षा ग्रहण करके मनफरा गाँव की शोभा बढाने मे चाँद किये है। आपने भी ससार की असारता जानकर श्वेताम्बर मूर्तिपूजक आचार्य प्रवर श्री कलापूर्ण सूरीश्वरजी म सा की पावन निश्रा मे १६ ५-९४ को वेपरी मद्रास मे भागवती जैन दीक्षा अगीगार की है। दीक्षोत्सव के अवसर पर मदिर की भव्य प्रतिष्ठा भी हुई। इस अवसर पर आचार्य श्री की समुदाय के लगभग २०० साधु-साध्वीयाँ वहाँ उपस्थित थे। पूर्व भव के पुण्य प्रताप से शैशव काल से ही आपके जीवन मे धर्म रूपी बीज को आचार्य श्री जी ने सीचा एव इसकी सुगध फैलाने के लिए आपने सयम जीवन की ओर अपने कदम बढ़ाये। आपकी कई वर्षों की मनोकामना पूर्ण हुई। आपके परिवार मे धर्मपत्नि दो सुपुत्र एव सुपौत्र आदि का भरा का भरा पूरा परिवार है। पूरा परिवार धार्मिक सस्कारो से सुशोभित है। आपके सुपुत्र श्री महेन्द्र सॉवला भी समाज सेवी दानवीर अहिंसा प्रेमी मिलनसार कर्मठ सेवा भावी युवा शिरोमणी है। आप महावीर जैन विद्यालय गोवालियाटेक बम्बई के कार्यकारी सदस्य भी है। आपने मनफरा पाजरापोल मे भी भरपूर सहयोग प्रदान किया है। समाज सेवा के हर कार्य मे आप हमेशा अग्रसर रहते है। कच्छ-गुजरात मे अकाल के समय आपने पाजरापोलो गौशालाओ को भरपूरा सहयोग दिया भी है और सक्रित करने म भी काफी प्रयास किया है।

सेवाभावी प्रखर वक्ता श्री कान्ति मुनिजी म सा

आप श्री का जन्म रतलाम (म प्र) म २१ अप्रल १९५० को श्रीमान अनोखी लालजी की धर्मपत्नी श्रीमती सोहनबाइ की कुक्षि से हुआ कुछ वर्ष पश्चात् आपके पिता भी व्यापारार्थ उज्जैन (म प्र) म चल गये। यहा पर मालव रत्न उपाध्याय श्री कस्तूरचन्दजी म सा सवत २०२४ का चातुमास करने हेतु पधारे। आप श्री व्याख्यान का नित्यप्रति लाभ लते रहते थे। गुरुदेव श्री के प्रवचन ने आपके हृदय को झकझार दिया। आप सावधान हो गये। मन ही मन निश्चयकर लिया कि पैसा कमाकर गृहस्थ की सेवा करना है तो क्या न ज्ञान कमाकर सतो की सवा की जाय। बस आपने सयम अगीकार करने का दृढ सकल्प कर लिया और गुरुदव श्री से सयम प्रदान करन की प्राथना की।

वैराग्यावस्था म तीन वष तक रहकर गुरुदेव श्री से ज्ञानार्जन किया। तत्पश्चात गुरुदेव श्री ने प्रवतक श्री रमशमुनिजी को आदेश दिया कि कान्तिलालजी को उचित स्थान पर सयम प्रदान कर पुन मरी सवा म रतलाम (म प्र) ले आवे। प्रवर्तक श्री छायन बदनावर (म प्र) म ३१ जनवरी १९७१ को दीक्षा देकर गुरुदेव श्री की सवा म रतलाम (म प्र) पहुचा दिया। तभी से आप श्री उपाध्याय श्री की १५ वष तक निरन्तर सेवाम लग रह।

गुरुदव श्री की सेवा म रहते हुए आपने सस्कृत, प्राकृत हिन्दी का अच्छा अध्ययन किया, इलाहाबाद से हिन्दी का साहित्य रत्न परीक्षा उत्तीण की एव पाथर्डी बोर्ड स शास्त्री की परीक्षा उतिण की।

आपकी प्रवचन शैली भी सरस एव सरल है जो कि हर जन मानस उस स शिघ्र ही ग्रहण कर लता है। आपकी प्ररणा से मडलेश्वर, बलवाडी (म प्र) बेटावद, वरला, नान्दगाव (महा) मे स्थानक का नव निर्माण हो रहा है। सन १९९३ का चातुमास नान्दगाव मे तपस्वी श्री बसन्ती लालजी म सा की सेवा मे था, वहा २३/१२/९३ को तपस्वी का महाप्रयाण हो गया उनकी यादगार मे आपकी प्रेरणा से ही बसन्तमुनि छात्रावास का नव निर्माण हो रहा है। आप कर्मठ सवाभावी है आप मध्यप्रदश राजस्थान, महाराष्ट्र म विचरण कर चुक है।

सौजन्य श्री बाबूलाल फूलचद चौरडिया
पाँचोरा (महाराष्ट्र)

श्रमण संघीय प्रवर्तक
स्व. श्री अम्बालाल जी म.सा

सांसारिक नाम		श्री अम्बालाल जी (श्री. हमीरमलजी)
पिताजी	.	श्री किशोरी लालजी (सोनी ओसवाल)
माताजी		श्रीमति प्यारी बाई
जन्म तिथी		जैष्ठ शुक्ला ३ विकम सवत् १९६२
जन्म स्थान	:	थामला (मेवाड) (राजस्थान)
दीक्षा तिथी	.	मार्गशीर्ष शुक्ला ८ वि.स १९८२
दीक्षा स्थान	.	मगलवाड (मेवाड) (राजस्थान)
दीक्षा प्रदाता		श्री मोतीलालजी म.सा
भाषा ज्ञान	-	हिन्दी, गुजराती, प्राकृत, सस्कृत, अग्रेजी आदि
बिहार क्षेत्र	-	राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, बम्बई दिल्ली उत्तरप्रदेश आदि
पदवीया	-	मेवाड मंत्री, मेवाड सघ शिरोमणि, मेवाड मुकुट, मेवाड के मूर्घन्य सत, मेवाड रत्न, मेवाड गच्छ मणि, मेवाड मार्तण्ड (सभी भूतपूर्व मेवाड सम्प्रदाय)
प्रवर्तक पद	-	श्रमण सघ के प्रवर्तक पद पर
प्रथम चातुर्मास	-	वि.सं. १९८३ जयपुर (राजस्थान)
अन्तिम चातुर्मास	-	वि.स २०५० मावली जक्शन (राजस्थान)
महाप्रयाण	-	१५-१-१९९४ फतेहनगर (मेवाड)
विशेष	-	श्रमण सघीय महामत्री श्री सौभाग्य मुनिजी म.सा. 'कुमुद' आपके सुशिष्य है। मेवाड प्रान्त मे आपका काफी प्रभाव था। श्रमण संघ के काफी मूर्घन्य वयोवृद्ध सत रत्न थे।

सौजन्य :- श्री सोहनलालजी सियाल (जैन) (सामेरा (फतेहनगर)) गोवण्डी - बम्बई

पन्यास श्री पूर्णानन्द विजय जी म.सा. 'कुमार श्रमण'

बहुमुखी प्रतिभा के धनी पन्यास श्री पूर्णानन्द विजयजी म.सा. जैन जगत के प्रसिद्ध मुनिराज है। श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छीय श्री भक्तिसूरीश्वरजी समुदाय के आप पन्यास पद पर सुशोभित है। आपने हिन्दी, गुजराती, अग्रेजी, मराठी भाषाओ में अनेक साहित्य की रचनाऐं की है। आपकी प्रवचन शेली एव लेखनकला अन्तर मन को छू लेती है। आध्यात्मिक एवं नेतिक जीवन उद्धार के लिए आपका साहित्य सग्रहणीय बन जाता है। आप 'कुमार श्रमण' उपनाम से जैन जगत में प्रख्यात है। आप विगत कई वर्षोसे बम्बई महानगर मे ही विचरण कर रहे है। इस वर्ष आपका चातुर्मास ठाणा-बम्बई में है। सरल स्वभावी हंसमुख प्रवृति के वयोवृद्ध संत रत्न है। आपकी निश्रा मे विगत कई वर्षो से बच्चो में धार्मिक शिक्षण शिबिरो का आयोजन भी होता रहता है।

मधुरवक्ता श्री रामचन्द्र विजयजी म.सा.

पन्यास श्री पूर्णानन्द विजयजी म.सा. ''कुमार श्रमण'' के जेष्ठ सुशिष्य, मधुरवक्ता, सेवाभावी, युवा संत रत्न है।

सौजन्य - श्री श्वे. मूर्ति जैन संघ, बान्द्रा (वेस्ट) बम्बई

युवा मनीषी श्री सुभाष मुनिजी म.सा

युवा चिंतक तपस्वी श्री सुधीर मुनिजी म.सा

विदुषी साध्वी रत्ना डॉ अर्चनाजी म सा (एम ए पीएचडी) एव साध्वी वृन्द

विदुषी साध्वा रत्ना डा अचनाना म सा (बाए स तृतीय), साध्वी श्री वन्दनाजी म सा , साध्वी श्री मनीपाजी म सा एव साध्वी श्री अचलाजी म सा चित्र मे खडे दिखायी दे रहे है ।

विशेषताए - जैन जगत् की विदुषी साध्वी रत्ना, निर्भीक, निडर एव प्रखर व्याख्यात्री, मधुरभाषी, नवचेतना प्रेरक, देश के अनेक प्रातो म विचरण अनेक भाषाओ की ज्ञाता, उज्ज्वल भविष्य की श्रमण सघ की प्रभावशाली विदुषी साध्वी आदि । उपरोक्त दोनो मुनिराज डॉ अचनाजी म सा के ससार पक्षीय छोटे भ्राता है इस तरह तीन भाई बहिन सयम पथ पर विद्यमान हे ।

श्रमण सघीय व्याख्यान वाचस्पति स्व श्री सुरेन्द्र मुनिजी म सा के सुशिय युवामनिषी श्री सुभाष मुनिजी म सा एव युवा चितक तपस्वी श्री सुधीर मुनिजी म सा आदि ठाणा २ एव साध्वी शिरोमणि स्व श्री पन्ना देवी जी म सा की सुशिष्या साध्वी रत्ना डॉ अचना जी म सा , श्री वन्दना जा म सा श्री मनीषा जी म सा एव श्री अचला जी म सा आदि ठाणा ४ का बराडा (अबाला) मे सन् १९९४ का चातुमास जप, ध्यान व स्वाध्याय की दृष्टि से प्रेरणा दायक व रचनात्मक कार्यो द्वारा यशस्वी व ऐतिहासिक बने इन्ही हार्दिक शुभकामनाओ सहित-

(१) श्री एस एस जैन सभा, बराडा, (अबाला)
(२) पूज्य काशीराम जैन भवन, बराडा, (हरियाणा)
(३) प शुक्लचद जैन सिनियर सेकेण्डरी स्कूल, बराडा
(४) श्री सुरेन्द्र मुनि जैन पब्लिक स्कूल, बराडा
(५) श्री सुरेन्द्र मुनि जैन नवयुवक मण्डल, बराडा
(६) पूज्य श्री सुरेन्द्र मुनि जैन सहातार्थ ट्रस्ट, बराडा

दिवाकर दीप, प्रसिद्ध कहानीकार, कविवर्य,
उपाध्याय श्री केवलमुनिजी म.सा.

पिताजी	-	श्रीमान् जवाहरलालजी कोठारी
माताजी	-	श्रीमती कुंकुमबाई कोठारी
भाई	-	कवि श्री बशीलालजी म.सा.
गुरू	-	जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा.
जन्म तीथी	-	विक्रम सवत् १९७० मिती श्रावण वदी १३ कोशीथल
दीक्षा तीथी	-	विक्रम सवत् १९८१ फाल्गुण शुक्ला ५ (११ वर्ष)
दीक्षा स्थान	-	ब्यावर (राजस्थान)
पद	-	कविरत्न, प्रवचन केसरी, प्रखर वक्ता, वाणी के जादूगर उपाध्याय
उपाध्याय पद	-	इन्दौर (म प्र) सन् १९८६
परिभ्रमण	-	कन्याकुमारी से कश्मीर, कलकत्ता से बम्बई
स्वर्गवास	-	दिनांक २०-५-९४ बेगलोर (कर्नाटक)
साहित्यक सर्जन	-	आगम मुक्ता, तत्वार्थ सूत्र, चिन्तन का चन्दन, दिव्य आलोक, जीने का कला, सुक्ति सुमन, जैन दिवाकर स्मृति ग्रथ। इसके अलावा अनेक उपन्यास लगभग ८५ पुस्तके लिखी। आप सफल कवि एव प्रसिद्ध कहानीकार ओजस्वी व्याख्यता सत रत्न थे।
आपकी प्रेरणा के स्त्रोत	-	श्री जैन दिवाकर छात्रावास, नीमच (म.प्र), महासती श्री कुकुमबाई जैन कन्या विद्यालय, कोशीथल (राज.), श्री जैन दिवाकर विद्यापीठ, इन्दौर, श्री जैन दिवाकर सेवा संघ, चिकबालापुर (कर्नाटक), श्री भगवान महावीर जैन कॉलेज, बेंगलोर श्री भगवान महावीर जैन सेवा ट्रस्ट, मद्रास, श्री पार्श्वनाथ जैन शिक्षण ट्रस्ट, मैसूर, श्री भगवान महावीर जैन एज्यूकेशनल ट्रस्ट, सिकन्द्राबाद, श्री वर्धमान सेवा समिति, बेगलोर आदि स्थानो मे कई अनेक संस्थाए आपकी पावन प्रेरणा से आज भी सुचारू रुप से चल रही है।

शिष्य - मधुरवक्ता - श्री पदमचंदजी म.सा. सेवाभावी श्री सुरेशमुनिजी म.सा.

सौजन्य - श्री व. स्था. जैन श्रावक संघ श्री रामपुरम् - बैगलौर

श्रमण संघीय विदुषी साध्वी श्री उमराव कुंवर जी म.सा. 'अर्चना'

पिताजी - श्रीमान जगन्नाथ सिहजी तातेड (मुनि श्री मागीलालजी म सा)

माताजी - श्रीमति अनुपमा देवी

जन्म तिथी - भाद्रपद सप्तमी वि स १९७९ मगलवार

जन्म स्थान - दादिया ग्राम (किशनगढ) (राजस्थान)

दीक्षा तिथी - मार्गशीष वदी ११ वि स १९९४ रविवार

दीक्षा स्थान - नोखा चादावतो का (नागौर-राजस्थान)

दीक्षा गुरु - पूज्य प्रवतक मरधर मत्री स्वामीजी श्री हजारी मलजी म सा

गुरु वर्या - महासती श्री सरदार कुवरजी म सा अध्ययन जैन दर्शन एव अन्य भारतीय दशन साहित्य सस्कृति व विभिन्न आठ भाषाओं (सस्कृत प्राकृत हिन्दी-गुजराती, पजाबी उर्दू - अग्रेजी राजस्थानी आदि) का परिज्ञान

साहित्य सजना - आम्रपाली अचना और आलोक, अर्चना के फूल, अचना के प्रदीप, हिम और आतप, उपासक और उपासना अर्चनाजली आदि ।

साहित्य सपादन - याग शास्त्र, जैन योग ग्रथ चतुष्ठय्य, पचामृत, जीवन सध्या की साघना, मुनि द्वय अभिनन्दन ग्रथ युवाचार्य श्री मधुकर मुनि स्मृति ग्रथ, कायापुर पट्टन का पत्र, श्रद्धा सुमन, श्रद्धा के सात फूल, नन्दी सूत्र आदि ।

विहार क्षेत्र - राजस्थान, पजाब, काश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चण्डीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि

विशेष रुची - योग साधको से सम्पर्क, ध्यान साधना, जन कल्याण हतु सस्थाओ का निमाण, समन्वयात्मक दृष्टिकोण सगठन प्रेमी सभी दशनो का तुलनात्मक अध्ययन करना आदि

प्राप्त उपलब्धिया- काश्मीर प्रचारिका, अध्यात्मिक योगिनी, मालव ज्योति, प्रवचन शिरोमणी, मरुधरा मुकुट मणि, शासन चन्द्रिका आदि

विशेष - श्रमण सघ समुदाय की परम शासन-प्रभाविका परम विदुषी । काश्मीर मे सर्व प्रथम पदार्पण करनेवाली प्रथम साध्वी वृन्द। सरल स्वभावी मृदुभाषी, प्रखर व्याख्यात्री, प्रभावशाली साध्वी वृन्द

सौजन्य - श्री जेठ मल चौरडिया (महावीर ड्रग हाउस) बैंगलौर

महा मनस्वी संत रत्न, श्री सुरेन्द्र मुनिजी म.सा.

अज्ञात की यात्रा को ज्ञात-चरणों के चिन्हो पर जी रहे एक महामनस्वी संत रत्न हैं - पूज्य गुरुदेव श्री सुरेन्द्रमुनिजी महाराज। महाप्राण मुनिप्रवर की गति एव वृत्ति में सहज प्रकृति का अनहद नाद बजता है। ५ अगस्त १९१७ को कुरूक्षेत्र जिले के रादौर ग्राम के सैनी क्षत्रिय वंश के श्रीमान् कुन्दनलालजी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णादेवी की रत्नकुक्षी से आपका अवतरण हुआ।

श्री केदारनाथ से सुरेन्द्र मुनि तक की यात्रा जागृति के पथ पर उनींदे चरणों की यात्रा है। आलोक के लोकयात्री मुनि प्रवर को भारत केसरी आचार्य श्री काशीरामजी महाराज का गुरुत्व उपलब्ध हुआ। विजयादशमी २५ अक्टूबर १९३६ को वे जैनेन्द्रीया महासम्पदा को ग्रहण कर राग से विराग के पथ पर बढ गये। पजाब प्रवर्त्तक श्री शुक्लचंदजी महाराज के आशीष तले बैठकर अक्षर-आराधना प्रारम्भ की। जैन, बौद्ध एव वैदिक साहित्य की सरिता के रूप में प्रवाहित होकर चिन्तन महासागर मे एकीभूत हो गया।

साधनाशील श्रमण होने के साथ आप एक रचनाशील सन्त रत्न है। आपकी रचनाशीलता वक्तृत्व एव कृतित्व से सुसज्जित है। जीवन के महाविस्तार को पाने के लिए आपकी रचनाधर्मिता कई सामाजिक एव शैक्षणिक सस्थाओ के गठन के रूप में सामने आई।

सर्जना के सगमरमरी शिल्प से उभरे मान स्तम्भ है --

- पूज्य काशीराम जैन भवन, बराडा
- पी.एस.सी.जैन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, बराडा
- श्री सुरेन्द्र मुनि जैन पब्लिक स्कूल, बराडा
- जैन गर्ल्स कॉलिज बडौत (उ.प्र.)
- श्री भद्र मुनि जैन मॉडल स्कूल, नालागढ (हि.प्र)
- श्री महावीर जैन फ्री डिस्पेन्सरी, रौपड (पजाब)
- श्री महावीर जैन भवन, भाई रूपा, भटिण्डा (पंजाब)
- जैन स्थानक, रामपुरा, फूलमण्डी (पजाब)

गुरु दर्पण है। इस दर्पण में शिष्य अपनी प्रतिभा, गरिमा और अस्मिता को प्रतिभासित करते है। गुरु सुगधि के भाति है जो कुछ न देकर भी बहुत कुछ दे देता है। महाप्राण मुनिप्रवर श्री सुरेन्द्रमुनिजी इस सत्य के साकार रुप है। अपने सुयोग्य शिष्यों श्री विकासमुनिजी, युवा मनीषी श्री सुभाषमुनिजी, युवा चिन्तक, तपस्वीरत्न श्री सुधीरमुनिजी मे अपने गुरुत्व को प्रतिबिम्बित कर अपने सामने ही अपनी परम्परा का गौरवमय स्मारक खडा कर दिया।

पाव-पाव, गाव-गाव जाकर उन्होने व्यसन मुक्त समाज की संरचना में महान योगदान दिया। एक व्यक्ति के रूप मे अपने भीतर एक पूरा समाज लेकर आप रावलपिडी, लाहौर गुजरावाला, स्यालकोट, पजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल एव राजस्थान की पदयात्रा कर आये।

१४-२-१९९४ को बराडा (अम्बाला) (हरियाणा) मे आपका इस वर्ष स्वर्गवास हो गया।

- साध्वी डॉ. अर्चना

आप श्रमण संघ के काफी सुप्रसिद्ध सत रत्न थे। सरल स्वभावी प्रखर वक्ता, सहनशीलता, सौम्यता एक रुपता सयम के प्रहरी, रचनात्मक कार्यो के प्रेरक प्रतिभावन एव प्रभावशाली सत रत्न थे। श्रमण सघीय डॉ. अर्चनाजी म.सा की देखरेख मे आपका श्रृद्धाजली विशेषाक भी शीध्र प्रकाशित होने वाला है।

सोजन्य - श्री एस. एस. जैन सभा, बराड़ा (अम्बाला) (हरियाणा)

जैन जगत के महान ज्यौतिर्धर आचार्य-मुनिराज

श्रमण सघीय प्रवतक
श्री रुपचन्द जी म सा
रजत (सादडी-मारवाड)

श्रमण सघीय उपप्रवर्तक
सलाहकार श्री सुकन मुनिजी
म सा (सादडी मारवाड)

श्रमण सघीय
सलाहकार
रतन मुनि जी म सा
उरला (म प्र)

उपप्रवतक श्री चदन मुनिजी
म सा (पजाबी)

डा सुब्रत मुनिजी म सा
(M A Ph D)

प रत्न श्री रविन्द्र मुनिजी म सा

श्रमण सघीय
मधुर व्याख्यानी (बम्बइ)
श्री नरेन्द्र मुनि जी म सा

श्रमण सघीय मधुर वक्ता
श्री रतन मुनि जी म सा
रत्नाकर (बम्बई)

श्रमण सघीय मधुर वक्ता श्री
जिनेन्द्र मुनि जी म सा
काव्यतीर्थ' (दिल्ली)

श्रमण संघीय विदुषी साध्वी श्री चंदनाजी म.सा. एवं साध्वी वृन्द

श्रमण संघीया विदुषी साध्वी श्री चदनाजी म.सा. अपनी साध्वी मंडल के साथ ।
चित्र - वाये से दायें - साध्वी श्री अक्षय ज्योति जी म.सा , साध्वी श्री चदनाजी म सा. साध्वी श्री महाश्वेताजी म.सा.
साध्वी श्री कुमुद लताजी म.सा. एव साध्वी श्री कलावती जी म.सा

विदुषी साध्वी श्री चंदनाजी म.सा. का संक्षिप्त जीवन परिचय

पिताजी	श्री मोहनसिहजी वावेल
माताजी	श्रीमती पिस्ताबाई बावेल
जन्म भूमि	उदयपुर (राजस्थान)
गुरुणी	स्व. मालव सिहनी महासती श्री कमलावती जी म.सा.
अध्ययन	जैन आगम, न्याय दर्शन आदि का तलस्पर्शी अध्ययन, साहित्यरत्न, सिद्धान्त शास्त्री, एम.ए.
भापा ज्ञान	हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, सस्कृत, अग्रेजी आदि ।
विचरण क्षेत्र	राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तामिलनाडू आदि ।
प्रेरित सस्थाए	(१) महासति कमलावती, परमार्थिक समिति, उदयपुर (२) बाल चिकित्सा केन्द्र वारव्हा एवं अनेक स्थानोपर जैन पाठशाला की स्थापना आदि (३) वम्बई महानगर मे लगभग १०-१५ स्थानो पर नूतन जैन स्थानक भवन के निर्माण मे प्रेरणा करना जिनमे से ३ स्थानक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण
विशेष	आप अच्छे वक्ता, लेखक, मधुर व्याख्यात्री है । श्रमण संघ की होनहार साध्वी हैं । वम्वई मे कई चातुर्मास पूर्ण कर इस वर्प ठाणा-वम्वई में विराजमान हे ।

सोजन्य :- श्री सुमतिलाल कर्नावट (कर्नावट क्लासेस) ठाणा-वम्बई

श्रमण सघीय मालव सिंहनी, शासन प्रभाविका, विदुपी महासति स्व श्री कमलावतीजी म सा की सुशिष्या परम विदुपी मधुर व्याख्यात्री महासति श्री सत्यसाधनाजी म सा M A

मालव सिंहनी, शासन प्रभाविका, विदुषी महासती स्व श्री कमलावतीजी म सा

विदुषी, मधुर व्याख्यात्री महासती श्री सत्य साधनाजी म सा M.A.

विदुपी महासती श्री सत्य साधनाजी म सा का जीवन परिचय

पिताजी	श्री कान्तिलालजी भूरावत	गुरुणी मा	श्रमण सघीय मालव सिंहनी शासन प्रभाविका महासती श्री कमलावतीजी म सा
माताजी	श्रीमती मीना बाई भूरावत	अध्ययन	सिद्धान्त शास्त्री, साहित्य रत्न, आगम आदि ।
जन्म स्थान	औरगाबाद (महाराष्ट्र)	भाषा ज्ञान	हिन्दी, सस्कृत, गुजराती, मराठी, अंग्रेजी आदि ।
दीक्षा तिथि	19 वष का वय म	विहार क्षेत्र	राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली, उत्तरप्रदेश आदि ।
दीक्षा स्थल	ब्यावर (राजस्थान)		
दीक्षा गुरु	श्रमण सघीय प्रवतक श्री हीरालालजी म सा		

विशेष श्रमण सघीय आचाय सम्राट श्री देवेन्द्र मुनिजी म सा की आज्ञानुवर्ती एव मालव सिंहनी शासन प्रभाविका विदुषी महासती स्व श्री कमलावतीजी म सा की शिष्या विदुपी मधुर व्याख्यात्री महासती श्री सत्य साधनाजी म सा एम ए, श्री अरुण प्रभाजी म सा, श्री महाप्रज्ञाजी म सा, श्री चारुप्रज्ञाजी म सा आदि ठाणाओ (4) का पालघर (महाराष्ट्र) म सन् 1994 का चातुर्मास सोल्लासमय वातावरण म सानन्द सम्पन्न होने की मगल करते हुऐ—

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक सघ

जैन स्थानक, मनोर रोड, पालघर जिला—ठाणा (महाराष्ट्र)

नाथूलाल जैन अध्यक्ष	सागरमल जैन मत्री

विदुषी साध्वी रत्ना डॉ. धर्मशीला जी म.सा. एम.ए. पीएचडी

सांसारिक नाम	कुमारी विमल
पिताजी	श्री रामचन्द्र जी सिंघवी जैन
माताजी	श्रीमति कस्तूरबाई सिंघवी
जन्मतिथी	भाद्रपद अमावस्या सन् १९३९
जन्म स्थान	कान्हूर पठार (अहमदनगर)
दीक्षा तिथी	मार्गशीर्ष सुदी ११ (मौन एकादशी) २१-१२-५८
दीक्षा स्थल	अहमदनगर (महाराष्ट्र)
दीक्षा प्रदाता	स्व. आचार्य सम्राट श्री आनन्द ऋषी जी म.सा.
गुरुणीजी	स्व. विदुषी साध्वी श्री उज्ज्वल कुमारी जी म.सा.
भाषा ज्ञान	हिन्दी, मराठी, गुजराती, प्राकृत, सस्कृत, अग्रेजी, पाली आदि
विहार क्षेत्र -	बम्बई महानगर एव महाराष्ट्र प्रान्त
डॉ. पी.एच.डी. उपाधि	१९७७ में जैन दर्शन मे नवतत्व विषय पर डाक्टर-पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की
विशेष -	प्रवचन कला निराली, बच्चो मे धार्मिक शिक्षण की ओर विशेष ध्यान, रक्तदान, शिबिर, आरोग्य शिबिर, आई केम्प, दत यज्ञ, आदि कार्यक्रम की प्रेरणा देते रहते है। श्रमण सघ की विदुषी साध्वी रत्ना।

चित्र मे बाये से दाये - साध्वी श्री भक्ति शीला जी म.सा , श्री पुष्पशीलाजी म सा. डॉ. धर्मशीलाजी म सा (एम.ए.पीएचडी,) श्री चारित्र शीलाजी म.सा. श्री विवेक शीलाजी म.सा खडे दिखायी दे रहे है।

सौजन्य - श्री कांतिलाल जैन (पी.एच.जैन लाटरी) बम्बई

साध्वी श्री नूतनप्रभा महान मौन साधिकाजी म सा.

सतो की दुनिया मे बालब्रह्मचारी, प्रतिभामूर्ति योगनिष्ठ पूज्य श्री नूतनप्रभाजी महाराज का अपना ही स्थान है। अपने नामके अनुरुप सचमुच ही आप समाज के सामने एक नूतन आदर्श उपस्थित कर रही है। आपका जन्म १९ नवबर १९७८ मे महाराष्ट्र के अहमदनगर जिलान्तर्गत श्रीगोंदा तहसीलमे हुआ। वहीपर प्रारभिक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् आप शास्त्र विशारदा पू श्री इन्द्रकुवरजी म के चरणो मे पहुचकर अध्ययन करने लगी। जिनसे भी आप कुछ पढती पढानेवाले आपसे बहुत प्रसन्न रहते थे। यही कारण है तत्कालीन श्रमणसघ के एकमात्र उपाध्याय प्रज्ञामहर्षि पू श्री अमरमुनिजी म ने आपको वैराग्य अवस्था में पढाते हुए कहा था छाया! तुम जैसे विद्यार्थियोंको पढाने मे मुझे बडा आनद आता है। इसीका प्रमाण है साहित्यरत्न परीक्षासे पूर्व प्राप्त उनका कृपापत्र जिसमे उन्होंने लिखा था - 'अध्ययन चल रहा होगा ? परीक्षा काल निकट आ चुका है। तुम्हारी प्रतिभापर भरोसा है, अवश्य तुम परीक्षा में अधिकाधिक नबर लेकर उत्तीर्ण हो जाओगी। तुम्हारे उज्ज्वल भविष्य के लिए मगल कामना।

इससे पता चलता है आपकी तीव्र ग्रहणशक्ति, स्मरण शक्ति एव तर्कनाशक्ति पढानेवालो को कितना अधिक प्रसन्न करा देती थी आपने वर्धा की 'साहित्यरत्न' के अलावा प्राकृत एव अग्रेजी के कुछ प्राइवेट अध्ययन के साथ कई धार्मिक एव सस्कृत परीक्षाए भी उत्तीर्ण की।

अध्ययन एव पयटन साथ-साथ चलते रहने की वजह से सहज ही आप बहुभाषाविद् भी बन गई। यही कारण है जैनधर्म की आर्हती साध्वी दीक्षा अगीकार करनेके पश्चात् विविध भाषाओमे आपके प्रवचन होने लगे, जिसमे विस्तृत ज्ञानके साथ साथ जीवन मे प्राप्त अनुभवोंकी छाप भी श्रोताओंको स्पष्ट दृष्टिगोचर होने लगी। साथ ही हिंदी, मराठी, राजस्थानी, गुजराती, हरियाणी, पजाबी आदि भाषाओंमे आपने सुदर भावपूर्ण भक्तिप्रद भजनोंकी रचना की तो दूसरी ओर तूफानी, अतुकाना व्यग्यात्मक कविताओंका सृजन कर समाज में नवजागृतिका शखनाद फूका

युवा होते हुए भी आपके प्रवचनोमे जो परिपक्वता देखने को मिली, उससे जनमानसका आपके प्रवचनों के प्रति आकर्षण बढना स्वाभाविक था। यही कारण है दीक्षा ग्रहण करते ही आपके जन्मभूमि श्रीगोदामे आपके पदार्पण पर धर्मस्थानकी चार दीवारो मे बाहर हर गली मुहल्ले मे आपके रात्रिकालीन मराठी में सार्वजनिक प्रवचनो के आयोजन होते रहे, जिनमे सभी वर्ग जाति एव धर्म के लोगोने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म प्रेरणाए प्राप्त की एव अपने गाव की बेटी की अल्पावधिमे हुई इस अध्यात्मिक प्रगति को देख अतीव मुग्ध हुए। विदाई समारोहके के अवसर पर माननीय स्वतत्रता सेनानी श्री मोतीलालजी कटारियाने अपने अभिभाषणमे कहा दीक्षा लिए अभी आपको १८ दिन भी नहीं हुए और अपने वक्तव्यको इतने सुदर ढग से भावपूर्ण प्रवाहमय शैली मे जिस साहस के साथ आप समाज के सामने प्रस्तुत कर रही है उसे देखते हुए हमे आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नताका अनुभव हो रहा है एव साथ ही भविष्य मे भी आपके प्रति समाज की बहुत बड़ी आशा जागृत हुई है।'

इतना ही नहीं वरन् ६ फरवरी १९७६ को घोडनदीमे सयमी जीवन मे प्रवेश करते वक्त ही आपके द्वारा दिए गए क्रातिकारी प्रभावपूर्ण

भाषण से उपस्थित जनसमूह इतना अधिक प्रभावित हो चुका था कि श्रीगोंदा के पश्चात् अहमदनगरमें आपका पदार्पण होते ही वहा के सघने भी समाचार पत्रमे सूचनाए एव परिचय निकालकर विभिन्न चौको एव सार्वजनिक स्थानोपर रात्रिमे आपके पब्लिक प्रवचनोंके आयोजन करवाकर अपनेको गौरन्वित अनुभव किया हजारों की सख्या में उपस्थित जनसमूह एवं प्रतिदिन बढती श्रोताओ की विपुल सख्या ही आपके प्रवचनोंकी लोकप्रियताका स्पष्ट प्रमाण था । अहमदनगर सघ के तत्कालीन मत्री श्री शांतिलालजी गुदेचा के शब्दोमे 'जैसे महासती श्री प्रीतिसुधाजी म.के प्रवचनोंमें नगर, पूना, बीड आदि स्थानोपर दस हजार से भी अधिक जनसमुदाय उपस्थित रहा वही श्रेय महासती श्री नूतनप्रभाजी म. ने अति अल्पावधिमें ही प्राप्त कर लिया है ।' फिर तो आप जहा-जहा भी पहुची भिंगार, कडा, करमाला, मिरज गाव आदि सभी जगह आपके रात्रिकालीन सार्वजनिक प्रवचनोके आयोजन होते रहे । उसके बाद दो तीन वर्ष गहन अध्ययन करने के पश्चात् आपका पदार्पण म.प्र. मे हुआ । जहा १९७९ के करही चातुर्मासमे हुए आपके रात्रिकालीन पब्लिक प्रवचनो को लोग अभीतक भी भुला नही पाए है । प्रतिभा उम्र की मुहताज नही होती, उस लघु उम्र मे ही आपने जनमानसपर जो प्रभाव जमाया वह विरल वक्ताओ के लिए ही सभव है । प्रभावि वकृत्व, सफल कवित्व एव कठ माधुर्य का त्रिवेणी सगम हुआ है आपमें वहां साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, चारित्रिक दढता, निर्भीकता, समन्वयवादी उदार दृष्टिकोण तथा बात कहने का लाजबाब ढगने एक इन्द्रधनुषी व्यक्तित्व प्रदान किया है आपको ! यही कारण है जैन जैनतर सभी श्रोताओपर आपका प्रभाव बहुत गहरा पडता है ।

जब-जब छात्राओको सबोधित करनेका प्रसंग बना, आपके अत्यन्त प्रेरक उद्‌बोधन को श्रवण कर प्रिसीपल सह समस्त स्टाफ के मुहसे सहसा ये उद्‌गार निकल पडते कि 'हम नही जानते थे जैन साध्विया भी इतनी विदुषी होती है ।'

आपके भाषणो की यह भी एक विशेषता रहीं कि बडी से बडी धर्म सभाको सबोधित करते हुए चाहे ५ या २ मिनटका ही समय मिला हो वहा भी लोग आपके विचार एव वक्तव्यके कायल हुए बिना न रहे, लेकिन यह भी सत्य है कि फूलोके साथ काटे भी होते है, जहा आपकी विलक्षण प्रतिभा कईयोके लिए गौरव का विषय बनी उससे भी अधिक वह अनेको के लिए ईर्ष्याका कारण बनी । यही कारण है देश एवं परदेश सर्वत्र आपको क्षुद्र मनोवृत्तिवालोंके ईर्ष्याका भाजन बनना पडा । आपके मार्ग मे रोडे अटकानेमे कईयोने अपने पद एवं प्रतिष्ठाका भी उपयोग किया, पर जितनी बाधाएं उपस्थित की गई उतना ही आपका व्यक्तित्व निखरता चला गया । चाहे कैसी भी स्थिति हो परिस्थितियोके आगे झुकना तो आपने कभी सीखा ही नही । विपरीत स्थितिमे भी अडिग रहकर अपना मार्ग निकालने एव तत्काल निर्णय लेनेमे आप सिद्धहस्त है ।

अपनी धर्मयात्रामे महाराष्ट्र से पैदल चलकर जम्मू कश्मीर स्टेट तक आपने सत्य अहिसा धर्मका प्रचार किया । सन् १९८८ को अमृतसर (पंजाब) की उस भयाक्रांत स्थितिमे दहशत भरे वातावरणमें 'ऑपरेशन ब्लैक थडर' जैसी कारवाईके समय जहां कई-कई दिनोतक कर्फ्यू लग रहे थे तो कही बम फट रहे थे, उस स्थितिमे साध्विया तो दूर सत भी जहां चरण रखने से कतराते थे, ऐसे विकट समयमे वहाके संघ की अतीव्र भावभीनी विनती पर आपने शेषकाल एव चातुर्मासकाल निर्भयतापूर्वक वहा सपन्न कर जो अपने आत्मसाहसका परिचय दिया वह हम सबके लिए न केवल गौरव बल्कि अभियानका विषय है । अमृतसर चातुर्मासनतर साधना हेतुही प्रदेश मे आनेके लिए आपको बटाला, गुरू दासपुर जैसे खतरनाक इलाकोसे गुजरना पडा, पर 'आत्मा अमर है, आयुष्कर्म शेष रहा तो कोई हमारा बॉल भी बाका नही कर सकता ।' इसी विश्वास के साथ आपने उन क्षेत्रोमे भी धर्मप्रचार करते हुए निर्भीकतापूर्वक अपनी यात्रा जारी रखी जिसे देखकर कईयो को हमने कहते सुना कि 'पू श्री नूतनप्रभाजी म बेशक साध्वी है, पर सतोसे भी अधिक साहस एव निडरता इन्होने पाई है ।'

आपसे पूर्व जैनधर्मकी साध्वी दीक्षामे दीक्षित आपकी ससार पक्षीय नानीजी पू. श्री प्रीति सुधाजी म के सुसस्कारोका ही सुफल है जो आप जैसी तेजस्वी साध्वी जैन जगतको प्राप्त हो सकी । आपके परिवार मे अबतक ५ दीक्षाए हो चुकी है । नानीजी म. तो दिवंगत हो चुके है । अभी वर्तमानमे विदुषी श्री स्नेहप्रभाजी म श्री विमलप्रभाजी म एव श्री शीतलप्रभाजी म क्रमश आपकी ससार पक्षीय मौसीजी माताजी एव बहन है ।

आपने जब अनुभव किया कि - 'सत्यको उपलब्ध हुए बिना बोलना न तो ठीक है, न उचित एव शुद्ध ही' तो मौनव्रत के साथ १२ वर्षतक आत्मसाधना करनेका आपने दृढ निश्चय कर लिया

पर इसी बीच अमृतसर चातुमास करनेकी वजह से आपकी साधनामे एक वर्ष का विलब हुआ, जिसका प्रायश्चित लेते हुए आपने अपनी साधनाकी अवधि दो वर्ष और बढाली ।
इसे भी एक सयोग ही कहना होगा कि दीक्षा के १४ वे वर्ष मे आत्मसाधना के अपने पुनीत विचारो को रुपायित करते हुए आप २७ मई १९८९ को १४ वर्ष की साधनामे सलग्न हो गई। पहले के दो वर्ष १० स ११ बजे तक मौनव्रत खुला रखकर साधना करने के पश्चात् आपने आगामी १२ वर्ष के लिए पूर्ण मौनव्रत धारण कर लिया ।
प्रारभम आपका एव आपकी सहवर्ती साध्वियोका, तेले, बेल, एकान्तर तप आयबिल, एकासन, कभी ५ द्रव्य ग्रहण आदि का क्रम चलता रहा। अब दो वर्ष पूवसे दवाके रुपमे कुछ ग्रहण करना पडे यह बात दूसरी वरना साधना पूर्ण होनेतक आप समीन दूध एव किशमिश प रहने के प्रत्याख्यान कर लिए है ।
जिसमें कुछ करनेकी ललक होती है वे अपना कार्यक्षेत्र खान ही लेते है । उनक लिए छोटी उम्र या परिस्थितियाकी विषमता कोई मायने नही रखती। इसका जीता जागता उदाहरण है साध्वी श्री नूतनप्रभाजी म ! जिनके द्वारा एक अभिनव नूतन इतिहास लिखा जा रहा है ।
आपका कहना है 'सिर्फ भाषण प्रवचन या सवाद हम दुनियाका कितना स्थाइ उपकार कर सकते है ? आत्माकी खोजका मार्गदर्शन ही स्थाई उपकार है। ऐसा होने पर ही जीव अपने जन्म-जन्मान्तरोके दुखो से हमेशा के लिए मुक्त हो सकता है। आत्मदर्शनकी उपलब्धि के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है । आत्मदर्शन ही हमारे जीवनका मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। तभी धर्मका प्रचार भी सही एव ठोस रुपमे हो सकेगा ।'
अविराम गतिसे आपश्री जीवनके उदात्त लक्ष्य आत्मदर्शन के मार्गपर गतिशील है एव अपने जीवनसे भक्तगणोंको भी स्फूर्ति प्रेरणा एव नूतन जीवन प्रदान कर रही है । सचमुच आप जैसी साध्वी जैन समाज के लिए ही नही वरन् भारतवर्ष के लिए एक वरदान है ।
नोट - साध्वीश्री जी के दर्शनाका लाभ सिर्फ प्रात १० से ११ बजेतक ही प्राप्त होता है ।

सपर्क सूत्र -
जैन साधना केन्द्र
नूतन साधनालय
भून्तर (कुल्)
फोन (०१९०२) ५६५१

प्रस्तुति -
बसीलाल सतीशकुमार जैन
जैन जनरल स्टोर
कश्मीरी बाजार
होशियारपुर (पजाब)

अहिसा परमो धर्म-जैनम् जयति शासनम्

मन की शाति के लिए कबूतरो को दाना अवश्य डाले

आप के वहा पर होने वाले दीक्षोत्सव तपोत्सव महोत्सव प्रतिष्ठोत्सव अजन शलाका प्रवेश विहार आदि सभी कार्यक्रमो की आमत्रण पत्रिकाऐ इस परिषद को भी भेजे ताकि अधिक से अधिक जानकारीया हम आपको सन्मुख प्रस्तुत कर सके

सपादक

आलोक पथ के महान् यात्री !

श्री वैरागी अनिल जैन

श्रमण दीक्षा निवृत्ति मे प्रवृत्ति की साधना तथा प्रवृत्ति मे निवृत्ति की आराधना है। आर्हती दीक्षा का आचार आत्म-स्वीकार की विनत मुद्रा है। इस भाव बोध के साकार प्रतिनिधि है - युवक रत्न, विरक्त चेता श्री अनिल कुमार जी जैन

दिल्ली प्रान्त के रामेश्वर नगर में लाला ओमप्रकाश जी जैन, श्रीमती शकुन्तला देवी जैन के आगन मे सन् १९६६ में एक फूल खिला, जिसका नाम अनिल देकर अमिभावक पुलकित थे। अनिल शैशव अवस्था से अभी निकले ही थे कि उसके नाना उसे अपने घर ले आए। फूल, गमले बदलने से अपनी सुगन्ध बिखेरने की प्रवृत्ति को नहीं बदलता है। वह तो वातायन को सुगन्ध के साम्राज्य के रुप में परिवर्तित करने की दिशा मे गतिशील रहता है।

अनिल जी के नव-जीवन मनपर धर्म-रेखा खींचने का काम किया था उनके पूजनीय नाना जी ने। धार्मिक संस्कारो ने अनिल जी के बचपन को अनुभूतियों की डोर से बाध दिया। सहसा पूज्य नानाजी ने ससार से बिदाई ले ली। अनिल जी का सवेदनशील मन पहली बार एक आघात से आहत हुआ, किन्तु शोक के गहरे गड्ढे में वे नहीं गिरे और उन्होने शोक के अन्धेरे में जलाया आत्म-जागरण का दीप। प्रकाश की प्यास अपने अन्तर मे सजोए थे कि एक दिन आगम का यह सूत्र उनके सामने साकार हो गया-

उग्गओ विमला भाणू, सव्व लोकप्पभंकरो,
सो करिस्सई उज्जोय।

समस्त लोक को आलोक से प्रभावित करनेवाला सूरज उग गया है।

यह सूरज और कोई नही परम पूज्य शासन-सूर्य सघशास्ता गुरु प्रवर श्री रामकृष्ण जी महाराज है।

पूज्य गुरुदेव उस महान् साधक परपरा के ध्वज सवाहक है जिस परम्परा का प्रवर्तन महाप्राण मुनि मायाराम जी जैसी विभूति ने किया, जो साधना के साकार मंत्र-पूत थे। इस परम्परा में ही योगिराज पूज्य श्री रामजी लालजी महाराज जैसी आध्यात्म चेतना का उदय हुआ।

श्री अनिल जी की पूज्य गुरुप्रवर के सान्निध्य मे संसार के अंधेरे रास्तों से निकल कर महाज्योति की महायात्रा प्रारम्भ हुई। इस महायात्रा में कठिन मोड भी आये। अंततो गत्वा उनका संकल्प जीता और आज वे सयम के असिपथ पर अग्रसर हो रहे हैं। १९८२ से माडल टाउन में जो विरक्ति के बीज बिखरे थे, वे अब अकुरित हो रहे हैं।

अनिल जी का यह कदम उस पीढी के लिए प्रेरणा स्त्रोत होगा जो भोग की उद्दाम उत्कठा की आग मे जल रही है।

अनिल जी वैराग्य के मूर्तिमंत प्रतिमान है। वैराग्य की यात्रा के साथ स्वाध्याय-अध्ययन की प्रवृत्ति भी उनमें अद्भुत है। १०+२ की व्यावहारिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनकी दृष्टि अकादमिक शिक्षा से अध्यात्मिक शिक्षा की ओर मुड गई। गुरु आशीष से उन्होने जैन दर्शन-जैन सिद्धान्त तथा भारतीय तत्व विद्या मे प्रवीणता प्राप्त की। सस्कृत पर अनिलजी का अधिकार है। देव भाषा सस्कृत मे उनकी रचना गगा बही है। सस्कृत श्लोक सूत्रो मे अपने भाव मोतियो को पिरोने का सुन्दर प्रयास उनकी डायरियो में देखा जा सकता है। भारतीय योग के प्रति निधि ग्रन्थ पातजलि योग सूत्र उन्हे कंठस्थ है। जैन आगम, स्तोक साहित्य एव स्त्रोत पाठ भी उनके कंठ में विराजते है।

अनिल जी स्वभावत मृदुभाषी, विनयी, समर्पित तथा संकल्पी युवक हैं। उनके पास बैठकर ऐसा लगता है मानो गुल-मोहर की छाह मे बैठे है। वे बोलते है तो लगता है हर सिगार के फूल झर रहे हैं।

एक दशम की प्रतीक्षा के पश्चात् उस सार्थक श्रण ने उनमे अभिनन्दन के लिये स्वय को प्रस्तुत किया है - अक्षय तृतीया के महापर्व के रूप मे। दिनाक १३ मई १९९४ अक्षय तृतीया की मगल बेला मे अति उज्ज्वल। उमगित भावो से पीतमपुरा, दिल्ली मे सघशास्ता गुरुदेव श्री रामकृष्णजी महाराज के सान्निध्य मे एव जैन धर्म प्रभावक श्री सुभद्रमुनि जी महाराज की निश्राय में वैरागी अनिल कुमार जैन प्रवज्या स्वीकृत कर अमित मुनिजी के रुप मे प्रस्तुत हुए है।

अन्धेरो के विरुद्ध आलोक स्तम्भ के रूप मे उभरे श्री अमित मुनिजी उस युवा पीढी के लिये प्रशस्त प्रदीप है जो अन्धेरो के बीच उजालो की तलाश मे भटक रही है।

अभिनन्दन है नवदीक्षित मुनिवर का !

प्रो. विनय 'विश्वास'

सोजन्य : मुनि मायाराम संबोधि प्रकाशन - दिल्ली

मुमुक्षु भावेशकुमार का ऐतिहासिक जैन दीक्षा-महोत्सव गुंदाला-(कच्छ-गुजरात) मे सम्पन्न हुआ ।

